ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाऍ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/5500 लखनऊः दिनॉकः09.11.2023

विषयः सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/नव0 23–24/4997 दिनांक 16/10/2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त पत्र के अनुक्रम में अवगत कराना है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से प्राप्त डिप्लोमा इंजी0 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2023–24 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2023–24 हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु लिंक की अन्तिम तिथि 17.11.2023 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की जाती है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा मे ऑनलाइन पंजीयन नही किया जा सकेगा। ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया परिषद द्वारा दिये गये पूर्व निर्देशों के अनुरूप रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही है। अतः नामांकन की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0: प्राशिप/अनु0–06/नव0 23–24/5501-03 तद् दिनॉकः 09.11.2023

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के संस्था प्रधानाचार्य का अपने स्तर से निर्देशित करने की कृपा करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट पर प्रदेर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव